रोहतक, शुक्रवार 5 सितंबर 2025 ■ भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी ■ वर्ष : 29, अंक : 216 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00
मौसम अधि.36.1 न्यून.23.2
haribhoomi.com

सच्चाई के साथ तीन दशक

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

30 वां स्थापना दिवस





शिक्षक ही एक सफल राष्ट्र का निर्माण करते हैं।

भारत के पूर्व राष्ट्रपति

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी

की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन

एवं शिक्षक दिवस व

हरिभूमि के 30वें स्थापना दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं



राजेश जैन

एम.डी.,एल.पी.एस.बोसार्ड

वृक्ष लगाओ

गीले, सूखे कचरे व प्लास्टिक के लिए अलग-अलग कूड़ेदान का उपयोग करें।

पर्यावरण बचाओ

वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ



LPS BOSSARD
Proven Productivity

UPS LAKSHMI

NH&10, Delhi & Rohtak Road, Kharawar Bye-Pass, Rohtak-124001(HR)
india@lpsboi.com. | www.bossard.com

BP Jain Skill Development Centre

OPP. IG OFFICE, NEAR DELHI BYE-PASS, ROHTAK, HARYANA-124001 | PHONE : 8396928413

# प्रदेश में बारिश और बाढ़ से नुकसान : कैप्टन अभिमन्यु ने सीएम नायब सिंह सैनी से मिलकर राहत कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया

बाढ़ पीड़ितों को समय पर भोजन, पानी, सुरक्षित आश्रय और चिकित्सा सुविधाएं मिलनी चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रदेश में इस साल मानसून ने भारी तबाही मचाई है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस गंभीर स्थिति पर चर्चा करने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने गुरुवार को हरियाणा भवन दिल्ली में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान पूर्व वित्त मंत्री ने राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की चुनौतियों पर ध्यान दिलाकर राहत कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया।

**नई दिल्ली के हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट**



सरकार शीघ्र ही ठोस कदम उठाएगी : पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शीघ्र ही ठोस कदम उठाएगी और राहत कार्यों को युद्धस्तर पर आगे बढ़ाएगी।

### विशेष राहत पैकेज तैयार किया जाए

कैप्टन अभिमन्यु ने सुझाव दिया कि बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए एक विशेष राहत पैकेज तैयार किया जाए। उन्होंने जोर दिया कि सरकार, प्रशासन और समाज के सभी वर्गों को मिलकर इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद करनी चाहिए।

### बारिश व बाढ़ से प्रदेश में 11 जिलों में तबाही, किसानों की फसलें बर्बाद

इस साल का मानसून हरियाणा के लिए आफत बनकर आया है। प्रदेश की प्रमुख नदियां जैसे यमुना, घग्गर, मारकंडा और टांगरी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। यमुना नदी तो लगातार 60 घंटे से खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जो पिछले कई सालों में एक नया रिकॉर्ड है। इस जलप्रलय से राज्य के 11 जिलों में 1,932 से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं।

### कैप्टन अभिमन्यु का आग्रह, युद्धस्तर पर शुरू हों राहत कार्य

कैप्टन अभिमन्यु ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रभावित इलाकों में राहत और पुनर्वास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर बाढ़ पीड़ितों को समय पर भोजन, पानी, सुरक्षित आश्रय और चिकित्सा सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री का ध्यान इस ओर भी आकर्षित किया कि राहत कार्यों में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जनता का सरकार पर विश्वास बना रहे।

### मुख्यमंत्री ने कहा- प्रभावित किसानों को मुआवजा देंगे

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 15 सितंबर तक खुला रहेगा और पूरी रिपोर्ट आने के बाद प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। सरकार की ओर से प्रभावित किसानों और ग्रामीणों को राहत देने की तैयारी है और जल्द ही इस संबंध में घोषणा की जाएगी।

---

**खबर संक्षेप**

### फर्जी प्रमाणपत्रों से नौकरी शुरू से ही शून्य मानी जाएंगी : हाईकोर्ट

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए साफ कर दिया है कि फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर की गई नियुक्तियां शुरू से ही शून्य मानी जाएंगी और ऐसे कर्मचारियों को कोई कानूनी अधिकार नहीं मिलेगा। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की बेंच ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिए हैं कि भर्ती के दौरान दस्तावेज सत्यापन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जा। मामले में एक याचिकाकर्ता कुलदीप की नौकरी रद्द करते हुए कोर्ट ने कहा कि उसने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दस साल तक सेवा कर वेतन और अन्य लाभ उठाए, लेकिन यह सब धोखाधड़ी से हासिल किया गया था। कोर्ट ने निगम को फटकारते हुए सवाल उठाया कि प्रोबेशन अवधि में प्रमाणपत्रों की गहन जांच क्यों नहीं की गई।

### गुरुग्राम की जर्जर सड़कों व अतिक्रमण पर हाईकोर्ट सख्त

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने गुरुग्राम के साउथ सिटी-1 क्षेत्र में खराब सड़कों, अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर हरियाणा सरकार से जवाब मांगा है।चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ ने हरियाणा सरकार, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम गुरुग्राम समेत अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। यह याचिका ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) परमजीत सिंह और अन्य स्थानीय निवासियों ने दायर की है।

### हाईकोर्ट ने रामपाल की सजा को निलंबित किया

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बुधवार को विवादित प्रवचन कथा रामपाल की सज़ा को निलंबित कर दिया। रामपाल पिछले 10 साल से अधिक समय से हत्या के मामले में उम्रकैद की सज़ा काट रहा था। मामला वर्ष 2014 का है, जब आश्रम में हुई हिंसा के दौरान पांच महिला अनुयायियों की मौत हो गई थी। आरोप था कि रामपाल ने महिलाओं और अन्य अनुयायियों को एक कमरे में बंधक बनाकर रखा, जहां दम घुटने से उनकी मृत्यु हो गई। हालांकि, अदालत ने कहा कि इस मामले में कई महत्वपूर्ण विवादित बिंदु हैं। जस्टिस गुरविंदर सिंह गिल और जस्टिस दीपिंदर सिंह नलवा की पीठ ने माना कि गवाहों ने स्वयं बयान दिया है कि मौतें दम घुटने से नहीं बल्कि पुलिस द्वारा छोड़े गए आंसू गैस से हुई।

---

## बाढ़ प्रभावित सड़कों पर हादसों को रोकने के लिए इंतजाम करें अधिकारी : गंगवा

# जर्जर सड़कों का डाटा व मैपिंग कर हेडक्वार्टर भेजने के निर्देश

सड़कों की मरम्मत, गड्ढे भरने और पुलों की सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक अमल अलर्ट पर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

प्रदेश में हाल ही लगातार हुई बारिश से प्रभावित हुई सड़कों की मरम्मत और क्षतिग्रस्त सड़कों पर किसी प्रकार से हादसा ना हो, इसे लेकर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने विभाग के अधिकारियों को चौकन्ना रहने के निर्देश दिए हैं। गंगवा ने कहा कि सड़क पर गहरे गड्ढे होने से हादसों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए उन्हें तुरंत भरवाने का काम किया जाए। जिन स्थानों पर तुरंत मरम्मत संभव न हो, वहां पहले चेतावनी के साइन बोर्ड लगाए जाएं ताकि किसी भी जान-माल की हानि से बचा जा सके। चंडीगढ़ स्थित सचिवालय के कार्यालय में मंत्री रणबीर गंगवा ने लोक निर्माण विभाग की आपातकालीन बैठक लेते हुए प्रदेश से गुजरने वाली तमाम सड़कों पर मौजूदा परिस्थितियों बारे रिपोर्ट ली।बैठक में यह भी चर्चा हुई कि किन जिलों में पुल और सड़कों पर बारिश का असर अधिक पड़ा है। जिलावार रिपोर्ट मुख्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने पुलों और कल्वर्ट्स की स्थिति की नियमित जांच कराने पर भी जोर दिया। हालांकि फिलहाल प्रदेशभर में स्थिति नियंत्रण में बताई गई है, लेकिन भारी बारिश और पानी निकलने के बाद हालात बदल सकते हैं। इसको देखते हुए विभाग को अलर्ट रहने और हर स्तर पर मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश भी कैबिनेट मंत्री गंगवा ने दिए हैं।



### फील्ड स्टॉफ की छुट्टियां रद, ड्यूटी पर रहें

फील्ड अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद कर दी गई हैं। सभी कर्मचारी और जेई/एसडीओ फील्ड में तैनात रहेंगे और स्टेशन नहीं छोड़ेंगे। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि सभी बेलदारों को ड्यूटी पर लगा दिया गया है। मंत्री ने कहा कि हर अधिकारी और कर्मचारी फील्ड में मौजूद रहे और मुख्यालय को समय-समय पर रिपोर्ट भेजें। गंगवा ने कहा कि अधिकारी हमेशा मोबाइल फोन ऑन रखें, शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करें।

### अधिकारी रहें अलर्ट पुलों की सूचना भेजें

लोक निर्माण मंत्री ने निर्देश दिए गए कि ट्रैफिक व्यवस्था किसी भी प्रकार से प्रभावित ना हो। जहां सड़क पर पानी खड़ा होता है वहां स्थायी समाधान के लिए कल्वर्ट बनाए जाएं, ताकि हर साल की समस्या से एक बार में छुटकारा मिल सके। इसके साथ ही सभी पुलों और कल्वट्र्स का निरीक्षण किया जाए। किसी भी पुल पर खतरे की स्थिति बनने पर तुरंत रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाए। बारिश में पुल इत्यादि प्रभावित होने को लेकर गंगवा ने कहा कि इस प्रकार के मामलों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारी अलर्ट पर रहें।

### बारिश के बाद की तैयारी अभी से करें

यदि बाढ़ अथवा ज्यादा पानी के बहाव के कारण कहीं सड़क कट जाती है तो उसकी फौरी तौर पर मरम्मत करने के विकल्प तलाशे जाएं, और अगर गड्ढे हैं जो संबंधित एरिया के एसडीओ और जेई जेसीबी की सहायता से उसे ठीक करवायें, ताकि आमजन को किसी प्रकार से दिक्कत ना हो। गंगवा ने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि बारिश थमने के बाद ट्रैफिक दबाव से सड़कों की हालत और बिगड़ सकती है। ऐसे में विभाग को अभी से मैपिंग कर लेनी चाहिए कि किन मार्गों और पुलों पर रिपेयरिंग की सबसे अधिक जरूरत पड़ेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बारिश के बाद जनता को असुविधा न हो, इसके लिए मरम्मत कार्य में तेजी लाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

---

## आईएमटी सोहना में लिथियम आयन बैट्री निर्माण का एशिया का सबसे बड़ा मेगा प्रोजेक्ट हुआ शुरू

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार की औद्योगिक नीति से प्रभावित होकर व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से आईएमटी सोहना में जापान की प्रसिद्ध कंपनी एटीएल ने करीब 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करते हुए लिथियम आयन बैटरी निर्माण का एशिया का सबसे बड़ा पहला प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से करीब 5 हजार से अधिक युवाओं को सीधा रोजगार मिलेगा। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से तैयार लिथियम आयन बैटरी की निर्माण इकाई की स्थापना से हरियाणा की पहचान औद्योगिक क्षेत्र में नए रूप से उभरेगी। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईएमटी सोहना में एटीएल बैटरी टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के इस मेगा प्रोजेक्ट का वीरवार को शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, टीडीके ग्रुप से सैटो व शशिदा, मुख्यमंत्री के विदेशी सहयोग सलाहकार पवन चौधरी, आईसीडब्ल्यूए से पंकज महेंद्रू भी उपस्थित थे।

### क्वालिटी प्रोडक्ट बनेंगे :वैष्णव

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जिस तरह जापान अपने प्रोडक्ट बनाने में क्वालिटी पर भरोसा करता है, उसी तरह अब हरियाणा में भी क्वालिटी पर खरे उतरने वाले प्रोडक्ट बनाए जाएंगे। आधुनिक भारत में आज इलेक्ट्रॉनिक से संबंधित सभी सामान बनाए जा रहे हैं, जिसका सीधा लाभ देश के उपभोक्ताओं व युवाओं को रोजगार के रूप में मिल रहा है। राव नरबीर सिंह ने कहा कि आज का यह दिन हरियाणा के औद्योगिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व में हरियाणा आज आत्मनिर्भरता, नवाचार और वैश्विक सहयोग का पर्याय बन चुका है। उन्होंने कहा कि एटीएल ग्रुप (टीडीके कॉरपोरेशन, जापान) ने हरियाणा की धरती पर अत्याधुनिक लिथियम आयन बैटरी निर्माण इकाई स्थापित कर ऐतिहासिक पहल की है। प्रदेश को औद्योगिक क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए आने वाले समय में प्रदेश में जल्द ही 10 नए औद्योगिक शहर विकसित किए जाएंगे।

## हरियाणा मेडिकल काउंसिल ने 10 टीबी रोगियों को गोद लिया

चंडीगढ़। सरकार द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में लगातार सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव सिंह के नेतृत्व में हरियाणा के स्वास्थ्य महानिदेशक और हरियाणा मेडिकल काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. मनीष बंसल तथा हरियाणा मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. मनदीप सचदेवा ने संयुक्त रूप से 10 टीबी (क्षय रोग) रोगियों को 'निक्षय मित्र' के रूप में गोद लिया और उन्हें पोषण किट भी प्रदान की। डॉ. मनीष बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सामुदायिक सहायता कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य टीबी रोगियों को उपचार के दौरान अतिरिक्त पोषण और अन्य सहायता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य टीबी के उपचार के परिणामों को बेहतर बनाना है। टीबी को हराने के लिए हर स्तर पर सहयोग किया जाएगा।

---

## बाढ़ से प्रदेश बेहाल, निकासी की तुरंत व्यवस्था करे सरकार : हुड्डा

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि पंजाब के बाद लगभग पूरा हरियाणा भी अब बाढ़ और जलभराव की चपेट में आ चुका है। गांव, खेत, गलियां, सड़कें, हाइवे और शहर सब जलमग्न हो गए हैं। तमाम प्रभावित लोग सरकारी मदद के लिए गुहार लगा रहे हैं। सरकार को तुरंत विशेष गिरदावरी की प्रक्रिया शुरू करके, फसलों को हुए नुकसान का 100 प्रतिशत मुआवजा देना चाहिए। साथ ही मकानों व दुकानों को हुए नुकसान का मुआयना करके जल्द मुआवजे का ऐलान करना चाहिए। प्रदेश और केंद्र सरकार को सक्रिय होकर बाढ़ प्रभावित स्थानों पर राहत कार्य शुरू करना चाहिए। अबतक जो कार्य किए जा रहे हैं, वो नाकाफी हैं, जिसके चलते जलभराव लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि मुश्किल की इस घड़ी में कांग्रेस के तमाम नेता व कार्यकर्ता राहत कार्यों में लगे हुए है।



## जीएसटी दरों पर सरकार का निर्णय कांग्रेस की वर्षों पुरानी मांग की जीत

चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी वर्षों से लगातार सरल और न्यायपूर्ण जीएसटी की मांग करती रही है। जब 2016 में जीएसटी लागू किया गया था, उस समय ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे गब्बर सिंह टैक्स कहते हुए चेताया था कि 18 प्रतिशत से अधिक जीएसटी दर आमजन पर बोझ बढ़ाएगी। सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले जीएसटी के नाम पर दूध-दही, आटा-अनाज, बच्चों की किताबों, ऑक्सीजन व अस्पतालों तक पर टैक्स लगाया। इतना ही नहीं, वर्षों तक भाजपा सरकार ने जीएसटी कलेक्शन का जश्न मनाया, जबकि यह जश्न वास्तव में जनता की जेब पर डाले गए अतिरिक्त बोझ का उत्सव था। आज जब भाजपा का जनाधार गिरता जा रहा है, तब जाकर भाजपा सरकार को कांग्रेस की मांग माननी पड़ी है। उन्होंने बाढ़ की हालत भी चिंता जताई।



## सरकार की विफलता के कारण जलभराव की स्थिति : दुष्यंत

चंडीगढ़। प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि साल 2023 के बाद हरियाणा में बाढ़ और भारी बरसात के कारण किसानों की लाखों एकड़ फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की विफलता के कारण आज प्रदेशभर में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार की ओर से पंपिंग की व्यवस्था समय रहते हुए नहीं की गई और न ही लगे हुए पंपों को दुरुस्त किया गया। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री को तुरंत पानी निकासी की व्यवस्था को संभालना चाहिए और किसानों को तुरंत मुआवजा मिलना चाहिए। वीरवार को दुष्यंत चौटाला कुरुक्षेत्र जिले में मारकंडा नदी के साथ लगते बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में ट्रैक्टर लेकर पहुंचे और पीड़ित किसानों से मिले। चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने बाढ़ और बरसात से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने में देरी कर रही है, जो कि सरकार की कमी है।

---

**नए आव्रजन कानूनों से बदली तस्वीर, जिला पुलिस को मिले विशेष अधिकार**

# पुलिस उपायुक्तों को नागरिक प्राधिकरण का दर्जा अवैध रूप से रह रहे विदेशियों पर कसेगा शिकंजा

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

केंद्र सरकार की ओर से अवैध आव्रजन पर शिकंजा कसने के क्रम में एक बड़ा अहम व सख्त कदम उठाया है। जिसके तहत अब जिला पुलिस के पास में विशेष अधिकार होंगे और इस तरह के धंधों में लगे एजेंट्स पर शिकंजा कसने का काम तेजी के साथ में हो सकेगा। भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने हाल ही में अधिसूचना (एसओ 3989(ई)) जारी की है।

### अधिकारियों को जिम्मेदारी

जिसके तहत जिला पुलिस अधीक्षकों और चुनिंदा पुलिस उपायुक्तों को आव्रजन और विदेशी अधिनियम, 2025 के तहत सिविल प्राधिकारी (नागरिक प्राधिकरण) का दर्जा दे दिया गया है। इस तरह से अब यह अफसर अपने अपने जिलों में विदेशी नागरिकों से जुड़े मामलों की निगरानी और कानूनी कार्रवाई के लिए पूरी तरह से जहां जिम्मेदार होंगे। अधिनियम की धारा 2(ग) के तहत, हर जिले के पुलिस अधीक्षक या राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा नामित पुलिस उपायुक्तों को को विशेष अधिकार दिए हैं। अधिकारी अब विदेशियों का वीजा, रेजीडेंसी परमिट और अन्य दस्तावेजों की जांच करने के साथ-साथ आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर तुरंत कार्रवाई कर सकेंगे।

### नीति तुरंत लागू

अहम बात यह है कि इस तरह की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसे लागू करने के लिए कहा है।नया नियम अवैध आव्रजन को रोकने के दिशा में बड़ा कदम है।

### नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई

नई व्यवस्था के तहत जिला पुलिस विदेशियों के दस्तावेजों की जांच, गैर-कानूनी गतिविधियों पर नकेल, नियम तोड़ने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई कर सकेगी। इससे ना केवल अवैध प्रवास पर लगाम लगाने का काम होगा। स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी आसान होंगी। गृह मंत्रालय ने साफ किया है कि यह कदम देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और पुख्ता करने की दिशा में उठाया है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासनों को इस बारे में स्पष्ट दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। वे अपने क्षेत्रों में इस व्यवस्था को पूरी तरह लागू करें। स्थानीय पुलिस को अब नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नजर रखने और जरूरी कार्रवाई करने के लिए प्रशिक्षित और सतर्क रहना होगा।

### पहले केंद्रीय एजेंसियों के पास थी जिम्मेदारी

विदेशी नागरिकों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उठाया बेहद ही अहम कदम है। जिससे जिला स्तर पर आव्रजन से जुड़े मामलों का तेजी से निपटारा होगा और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

### सफाई कर्मचारी गरम, रिक्त पदों को भरने की मांग

चंडीगढ़ । 11 सप्ताह के सफाई अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों की सभी छुट्टियां रद्द करने के विरोध और सफाई एवं सुरक्षा उपकरण व संसाधन उपलब्ध न करवाने व रिक्त पदों पर पक्की भर्ती करने को लेकर बृहस्पतिवार को प्रदेश के सभी पालिकाओ, परिषदों और नगर निगमों के कर्मचारियों ने अपने डीएमसी व निगम आयुक्तों को ज्ञापन पत्र देकर अपनी मांगों को उठाया है। सभी 60 नगर पालिकाओं, 22 नगर परिषदो व 11 नगर निगमो के कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय उल्टी झाड़ु और काले झंडे के साथ जोरदार प्रदर्शन कर नाराजगी दिखाई । कर्मचारी संघ, हरियाणा ने सरकार को पत्र भेज कर उक्त सभी मांगों के बारे अवगत करवा दिया है। संघ ने सरकार को 7 दिन के अंदर-अंदर उक्त सभी मांगों को पूरा करने का अल्टीमेटम दिया है।आज के प्रदर्शनों की सफलता का दावा करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व अन्य ने सरकार पर आरोप लगाए।


**उत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–07/2025–26 दिनांक 03.09.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अम्बाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रू.) | बोली प्रतिभूति (रू.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30–विद्युत–09/2025–26 (ओपन टेंडर) | अंबाला डिवीजन के सब–स्टेशनों के विद्युत आपूर्ति उपकरणों के विस्तार के संबंध में विद्युत कार्य। | Rs. 20863924.33 | Rs. 254300.00 | 03 महीने | 25.09.2025 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है।
2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी।
3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए।
4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 2683/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–08/2025–26 दिनांक 04.09.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विधुत–10/2025-26 (ओपन टेंडर) | विद्युत उपकरणों के लिए सुरक्षा उपकरणों के प्रावधान से संबंधित विद्युत कार्य, धरमपुर में सुरक्षा शिविर का सुधार/उन्नयन, कालका में डीटीटीएस/कालका के सुरक्षा शिविर का सुधार/उन्नयन, एडीईएन/सहारनपुर के अधीन सहारनपुर, अंबाला सेक्शन में टी–2 कॉलोनी में जीर्ण–शीर्ण सब स्टैंडर्ड स्टाफ क्वार्टर टाइप–II/11 इकाइयों का प्रतिस्थापन, धुरी में रनिंग रूम का विस्तार, रेलवे कॉलोनी चंडीगढ़ में रेलवे संस्थान का प्रस्ताव, दोराहा में प्लेटफार्म 1 से प्लेटफार्म 2 तक सिंगल स्पैन का एफओबी, चावापेल में प्लेटफार्म 1 से प्लेटफार्म 2 तक सिंगल स्पैन का एफओबी, खन्ना रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित एफओबी का विस्तार और अंबाला मंडल में आरओएच डिपो, खानआलमपुरा में सिक लाइन में गड्ढे और स्वारफ एनक्लोजर शेड के प्रावधान द्वारा रखरखाव के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार से संबंधित विद्युत कार्य। | Rs. 31160372.95 | Rs. 305800.00 | 06 महीने | 26.09.2025 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार **PAN/TIN/GST** सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के **15:00 बजे** से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 2704/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर उल्लिखित अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS (https://ireps.gov.in/) से ई–नीलामी के माध्यम से आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ईएमआर) के लिए बोलियां आमंत्रित करता है।

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| ADVT-SEPT-02-2025 | दिनांक 22.09.2025 को 11:00 बजे | अग्रणी आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदाताओं अर्थात सार्वजनिक और निजी अस्पताल / नर्सिंग होम / पॉलीक्लिनिक / क्लीनिक / निजी चिकित्सक / कंपनियां / फर्म / संस्थान / स्वास्थ्य सेवा में शामिल एन. जी. ओ. द्वारा चौबीसो घंटे आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ई. एम. आर.) रेलवे को लाइसेंस शुल्क का भुगतान करने के आधार पर दिल्ली मंडल के नई दिल्ली (पहाड़ गंज और अजमेरी गेट साइड), दिल्ली जंक्शन, आनन्द विहार टर्मिनल, हज़रत निज़ामुद्दीन, दिल्ली सराय रोहिल्ला, गाजियाबाद, मेरठ सिटी, पानीपत और रोहतक रेलवे स्टेशनों पर ई–नीलामी आयोजित करने के संबंध में। |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/**

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**
**1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता **4.** आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण **5.** फण्ड का लियन मार्किंग **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी :** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डी आर एम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055; **Email:** srdcm.ndls@gmail.com, **Tel:** 011-23743084

**सं.: NR-DLICOMM(PUB)/47/2025 दिनांक: 04.09.2025** 2689/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रोहतक, शुक्रवार 5 सितंबर 2025 ■ भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी ■ वर्ष : 29, अंक : 216 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 मौसम अधि.36.1 न्यून. 23.2 haribhoomi.com

# हरिभूमि

सच्चाई के साथ तीन दशक

30वां स्थापना दिवस

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







यमुना, घग्गर, मारकंडा, टांगरी, रूण, बेगना, राक्षी, सोम, पथराला नदियां उफान पर। फतेहाबाद में एक किसान की मौत।

# भारी बारिश से बिगड़े हालात ड्रेन टूटी, हाईवे डूबे, लोग बेहाल

- *पंजाब, हिमाचल, यूपी हरियाणा, उत्तराखंड को जोड़ता है नेशनल हाईवे*
- *हिसार मल्टीपर्पज चैनल ड्रेन में 40 फुट की दरार 200 लोग बांधने में जुटे*
- *मनरेगा मजदूर की हार्ट अटैक से मौत, दो गांवों में घरों में घुसा पानी*
- *आज भी छह जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, दहशत में किसान*

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में कई दिनों से हो रही बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। यमुना, घग्गर, मारकंडा, टांगरी, रूण, बेगना, राक्षी, सोम, पथराला नदियां उफान पर हैं। ये सभी नदियां खतरे के निशान पर बह रही हैं। लोगों में दहशत फैली हुई है। अंबाला, यमुनानगर, करनाल, सोनीपत, सिरसा और फतेहाबाद में सैकड़ों एकड़ फसलें जलमग्न हैं। घरों में पानी घुसा हुआ है। नेशनल हाईवे-344 डूबने से पांच राज्यों का संपर्क कट गया है। यहां सैकड़ों वाहन जाम में फंस हुए हैं। वहीं, सरकार और प्रशासन हर स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है। गुरुवार को यमुनानगर में हथिनीकुंड बैराज पर 1 लाख क्यूसिक के डेंजर लेवल से ज्यादा पानी आ रहा है। 7 बजे 1 लाख 36 हजार 844 क्यूसिक पानी दर्ज किया गया। यमुना में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। यमुनानगर, करनाल, पानीपत, सोनीपत के यमुना से सटे इलाकों में बाढ़ का खतरा बना हुआ है।

### सड़कों पर टांगरी

अंबाला में टांगरी-मारकंडा और उसकी सहायक नदी बेगना उफान पर हैं। बाढ़ के पानी में अंबाला-रुड़की नेशनल हाईवे-344 डूब गया। इसके कारण यहां महाजाम लग गया। यह हाईवे पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बीच कड़ी है। 5 राज्यों के वाहन जाम में फंस रहे हैं।

### मारकंडा में दरार से लोग भयभीत

कुरुक्षेत्र के जलबेहड़ा में मारकंडा नदी का लेवल डेंजर लेवल पार कर गया है। यहां नदी का डेंजर लेवल 5 फुट है, लेकिन 14 हजार क्यूसिक पानी आने से 6.7 फुट पानी बह रहा है। मारकंडा में नैंसी गांव के पास दरार आ गई, जिसकी वजह से आसपास के खेतों में पानी घुस गया। वहीं, यमुनानगर में यमुना का कटाव आबादी तक पहुंच गया। गांवों पर खतरा मंडराने लगा। कई एकड़ कृषि भूमि नदी में समा गई।

### फरीदाबाद में किशोर की मौत

फरीदाबाद से गुजर रही यमुना नदी में शव बहता हुआ दिखाई दिया। उस दौरान पुल के ऊपर डीसी विक्रम यादव भी मौजूद थे। वहीं, यमुना में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। यहां 3000 एकड़ में फसलें जलमग्न हैं। लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। **सिरसा में मकान की छत गिरी :** गुरुवार को सोनीपत, पानीपत, चरखी दादरी और झज्जर में बारिश हुई। सिरसा के ढाणी-400 में मकान की छत गिर गई। इसमें परिवार सुरक्षित है।

### फतेहाबाद बेहाल

फतेहाबाद के गांव रामसरा में ड्रेन की मरम्मत करने के दौरान एक मनरेगा मजदूर को हार्टअटैक आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। बरसात से फतेहाबाद में हालात भयावह से भयावह होते जा रहे हैं। पंजाब सीमा पर घग्गर नदी के चांदपुरा साइफन पर पानी का बहाव और बढ़ गया, जबकि राजस्थान से सटे भट्टू के गांव रामसरा में हिसार घग्गर मल्टीपर्पज लिंक चैनल टूटने से सैंकड़ों एकड़ भूमि और घरों में पानी घुस गया। घग्गर के तटबंध ऊंचा करने को लेकर पंजाब-हरियाणा के किसानों में तनातनी हो गई। इसके बाद पुलिस की दो कम्पनियां तैनात करनी पड़ी। भारी बरसात को देखते हुए शिक्षा विभाग ने फतेहाबाद जिले के 7 में से चार ब्लॉक के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

## चांदी के गहनों की स्वैच्छिक हॉलमार्किंग शुरू

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि एक सितंबर से चांदी के गहनों और अन्य वस्तुओं के लिए स्वैच्छिक हॉलमार्किंग शुरू की गई है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने आईएस 2112:2025 के प्रकाशन के साथ अपने हॉलमार्किंग मानक को संशोधित किया है। यह पहले के आईएस 2112:2014 संस्करण का स्थान लेगा। इस संशोधन के साथ चांदी के आभूषणों और अन्य वस्तुओं के लिए हॉलमार्किंग विशिष्ट पहचान (एचयूआईडी)-आधारित हॉलमार्किंग शुरू की गई है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, नई प्रणाली के तहत, उपभोक्ता बीआईएस केयर मोबाइल एप का उपयोग करके एक सितंबर के बाद हॉलमार्क किए गए चांदी के आभूषणों के प्रकार, शुद्धता ग्रेड, हॉलमार्किंग तिथि, परीक्षण केंद्र का विवरण और जौहरी पंजीकरण संख्या की पहचान कर सकते हैं। संशोधित मानक में 7 शुद्धता ग्रेड... 800, 835, 925, 958, 970, 990 और 999... शामिल किए हैं।

# भारत-सिंगापुर एआई डिजिटल और न्यूक्लियर क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे

## पीएम मोदी और वोंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता में बनी सहमति

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत- सिंगापुर ने बृहस्पतिवार को पीएम नरेन्द्र मोदी और उनके सिंगापुरी समकक्ष लॉरेंस वोंग की मौजूदगी में व्यापक रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए रोडमैप का अनावरण किया। इसमें दुनिया में मौजूदा भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच संबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। दोनों नेताओं के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में करार हुए। इनमें एआई, क्वांटम, डिजिटल तकनीक व न्यूक्लियर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने को लेकर भी समझौता हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि टेक्नोलॉजी और इनोवेशन भारत और सिंगापुर के बीच साझेदारी के मजबूत स्तंभ हैं। मोदी के निमंत्रण पर सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए हैं। दिल्ली में दोनों नेताओं की द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसके बाद मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने आसियान के साथ आर्थिक सहयोग समझौते मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा करने का निर्णय लिया है।

अंतरिक्ष, डिफेंस से लेकर सेमी कंडक्टर तक कई क्षेत्र में समझौते



### पांच एमओयू हुए

दोनों देशों के बीच पांच समझौता ज्ञापन संपन्न हुए हैं। इनमें हरित और डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर पर सहयोग, अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना। नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में प्रशिक्षण और अनुसंधान एवं विकास में सहयोग, डिजिटल परिसंपत्ति नवाचार में सहयोग, सेमीकंडक्टर और चेन्नई में उन्नत विनिर्माण में कौशल विकास के लिए एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना शामिल है।

### बीएमसीटी टर्मिनल का उद्घाटन किया

पीएम मोदी और सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग ने ने नवी मुंबई के जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपी) पर सिंगापुर के साथ साझेदारी में विकसित भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल (बीएमसीटी) के दूसरे चरण के विकास का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

*सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम साझेदारी पर एमओयू का आदान-प्रदान किया। इसके तहत एक द्विपक्षीय सेमीकंडक्टर नीति वार्ता स्थापित की है। दोनों पक्ष भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए निवेश, व्यापार-से-व्यापार संबंध, कौशल विकास और अनुसंधान एवं विकास पर काम कर रहे हैं।*

# भिवानी के सचिवालय में युवक को मारी गोली

गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल



**आरोपितों ने तीन फायर किए युवक के सीने और कंधे में लगी गोली**

**भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** सचिवालय परिसर में गुरुवार को खोखे में बैठे युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपितों ने युवक पर तीन फायर किए। इनमें से एक गोली युवक के सीने और दूसरी गोली कंधे में लगी। एक एक हवाई फायर किया। खबर लिखे जाने तक आरोपितों बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। पुलिस सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि यह वारदात दोपहर सवा एक बजे हुई। गोली चलने की आवाज सुनकर पुलिस पहुंची तो चाय के खोखे के पास युवक खून से लथपथ पड़ा था। लोगों ने घायल युवक को इस्पताल पहुंचाया। पीड़ित युवक की पहचान रोहतक के गांव मोखरा निवासी लवजीत के रूप में हुई। वह भिवानी सचिवालय में कैसे आया और किसके साथ आया। इसकी जांच की जा रही है। घायल युवक जिन युवकों के साथ आना बताया जा रहा है उनकी अदालत में तारीख थी। घायल पर कोई भी मामला दर्ज नहीं है।

## पेड़ों की अवैध कटाई के कारण ये आपदाएं आईं

**नई दिल्ली (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में अभूतपूर्व भूस्खलन और बाढ़ का संज्ञान लेते हुए उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) तथा अन्य से जवाब मांगा और कहा कि 'पेड़ों की अवैध कटाई के कारण ये आपदाएं आईं।' सीजेआई बी आर गवई की पीठ ने केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एनएचएआई के साथ ही हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर और पंजाब की सरकारों को भी नोटिस जारी किए।

पहाड़ों पर तबाही का कारण इंसान, प्रकृति बदला ले रही

**तेवर में पुतिन** भारत-रूस व चीन पार्टनर, हमारी 1.5 अरब लोगों की मजबूत अर्थव्यवस्था

# भारत-चीन को धमकाना बंद करे ट्रंप, टैरिफ से इन्हें डरा नहीं सकते

*अमेरिका अपने सहयोगियों से ऐसी भाषा में बात न करे*


एजेंसी ▶▶| बीजिंग

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहली बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से भारत और चीन को टैरिफ के नाम पर धमकाना बंद करने को कहा है। उन्होंने कहा कि दोनों (भारत-चीन) देश उनकी धमकी से डरने वाले नहीं हैं। चीन की विक्ट्री डे परेड में शामिल होने के बाद मीडिया से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि ट्रम्प, भारत या चीन से इस तरह से बात नहीं कर सकते। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, 'भारत और चीन का इतिहास हमलों से भरा है। अगर इन देशों का कोई नेता कमजोरी दिखाएगा तो उसका राजनीतिक करियर खत्म हो सकता है।'

### पहली बार रूसी राष्ट्रपति का कड़ा रुख

### डोनाल्ड ट्रंप ने ये लगाए थे आरोप

दरअसल, ट्रम्प भारत पर कई बार आरोप लगा चुके हैं कि भारत रूसी तेल खरीदता है और यूक्रेन जंग में रूस का साथ दे रहा है। ट्रम्प अपने टैरिफ को जंग सुलझाने वाला हथियार बताते हैं। ट्रम्प ने बुधवार को द स्कॉट जेनिंग्स रेडियो शो में कहा था कि इस (टैरिफ) नीति की वजह से अमेरिका को ताकत मिलती है। ट्रम्प ने टैरिफ को जादुई हथियार कहा और दावा किया इसके जरिए उन्होंने 7 जंग रोकी हैं।



### ट्रम्प की रूढ़िवादी मानसिकता

पुतिन ने अमेरिका के रवैये को पुराना और रूढ़िवादी मानसिकता वाला बताया। औपनिवेशिक युग अब खत्म हो चुका है। अमेरिका को समझना होगा कि वह अपने पार्टनरों से ऐसी भाषा में बात नहीं कर सकता। पुतिन की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत रूसी तेल खरीदने के कारण अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रहा है और चीन अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध में उलझा है।



# फिडे ग्रैंड शतरंज: गुकेश ने बाकरोट को हराया

भाषा ▶▶| समरकंद (उजबेकिस्तान)

भारत के मौजूदा विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने यहां फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज के पहले दौर में फ्रांस के एटियेने बाकरोट को हराकर अपने अभियान की शुरूआत की। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर जैफ्री शियोंग के बीच बाजी ड्रॉ रही। गत चैंपियन विदित गुजराती ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जर्मनी के एलेक्जेंडर डोनचेंको को पराजित किया जबकि पी हरिकृष्णा सफेद मोहरों से खेलते हुए स्लोवेनिया के एंटोन डेनचेनकोव से हार गए। निहाल सरीन को जर्मनी के स्वेन रासमुस ने ड्रॉ पर रोका। अर्जुन एरिगेसी ने स्पेन के माकसिम चिगाएव से ड्रॉ खेला।

महिला वर्ग में गत चैंपियन आर वैशाली ने उज्बेकिस्तान की गुलरुखबेगिम तोखिरजोनोवा को हराकर शानदार शुरुआत की जबकि हमवतन भारतीय वंतिका अग्रवाल ने भी यूक्रेन की यूलिया ओस्माक को हराकर अच्छी शुरुआत की। डी हरिका को इजराइल की मार्सेल एफोरिम्स्की ने ड्रॉ पर रोका।



# हॉकी: मलेशिया को 4-1 से हरा भारत फाइनल के करीब पहुंचा

■ हॉकी एशिया कप में सुपर-4 में टॉप पर पहुंची इंडिया

भाषा ▶▶| राजगीर (बिहार)

भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर 4 चरण के अपने दूसरे मैच में मलेशिया को 4-1 से हरा दिया। भारतीय टीम ने धीमी शुरुआत की जबकि शफीक हसन ने दूसरे ही मिनट में मलेशिया को बढ़त दिला दी लेकिन मेजबान टीम ने शानदार वापसी की। मनप्रीत सिंह (17वें मिनट), सुखजीत सिंह (19वें मिनट), शिलानंद लाकड़ा (24वें मिनट) और विवेक सागर प्रसाद (38वें मिनट) ने भारत के लिए गोल किए। भारत ने बुधवार को अपने पहले सुपर 4 मैच में कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला था। इस जीत से भारत दो मैच में चार अंक के साथ सुपर 4 तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। वह चीन और मलेशिया से आगे है जिनके तीन-तीन अंक हैं जबकि गत चैंपियन कोरिया केवल एक अंक के साथ अंतिम स्थान पर है। शुक्रवार को विश्राम के बाद भारत शनिवार को सुपर 4 के अपने अंतिम मैच में चीन से भिड़ेगा जबकि मलेशिया का सामना कोरिया से होगा।

**मनप्रीत, सुखजीत, शिलानंद और विवेक ने गोल दागे**



रविवार को होने वाले फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए भारत को चीन के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की आवश्यकता है। मलेशिया बृहस्पतिवार को अपने दो मुख्य खिलाड़ियों के बिना खेला।

## खबर संक्षेप



### अवैध सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी ने शिखर धवन से पूछताछ की

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन बृहस्पतिवार को एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उनसे लगभग आठ घंटे तक पूछताछ की गई। वह मध्य दिल्ली स्थित निदेशालय के कार्यालय में सुबह 11 बजे पहुंचे और शाम 7 बजे के बाद वहां से निकले। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने 'वन एक्स बेट' नामक एक अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़ी इस जांच के तहत धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज किया। ऐसा माना जा रहा है कि 39 वर्षीय पूर्व भारतीय क्रिकेटर कुछ विज्ञापनों के ज़रिए इस ऐप से जुड़े हैं। ईडी पूछताछ के दौरान इस ऐप से उनके संबंधों को समझना चाहता है। एजेंसी अवैध सट्टेबाजी ऐप्स से जुड़े ऐसे कई मामलों की जांच कर रही है जिन पर कई लोगों और निवेशकों से करोड़ों की ठगी करने या भारी कर चोरी का आरोप है।

## यूएस ओपन में यूकी का दमदार प्रदर्शन, ट्रॉफी अब दो कदम दूर

# भांबरी ने रचा इतिहास, ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहली बार पहुंचा भारतीय टेनिस स्टार

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका में जारी यूएस ओपन 2025 के दौरान भारत के युकी भांबरी ने कमाल कर दिया। भांबरी ने न्यूजीलैंड के अपने जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ मिलकर जीत का क्रम जारी रखा और करियर में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले युकी भांबरी सिर्फ प्री-क्वार्टरफाइनल तक ही किसी ग्रैंडस्लैम में सफर तय कर सके थे। अब युकी भांबरी सेमीफाइनल और फाइनल के पड़ाव को पार करके पहली बार कोई ग्रैंडस्लैम अपने नाम करना चाहेंगे।

### क्वार्टरफाइनल में दर्ज की जीत

30 साल के भांबरी की वर्ल्ड रैंकिंग 32 है और वह भारत में टॉप मेंस डबल्स खिलाड़ी हैं। इंडो-न्यूजीलैंड की जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के राजीव राम और क्रोएशिया के निकोला की जोड़ी को तीन सेट के मुकाबले में 6-3, 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा। जिसके चलते साल के आख़री यूएस ओपन ग्रैंडस्लैम में भारत की चुनौती बनी हुई है। भांबरी के अलावा रोहन बोपन्ना, अर्जुन काधे जैसे खिलाड़ी अपने-अपने जोड़ीदार के साथ पहले राउंड में ही हारकर बाहर हो गए थे।





### अब छठी वरीयता जोड़ी से मुकाबला

वहीं युकी भांबरी और माइकल वीनस की जोड़ी के बारे में बात करें तो इन दोनों का मुकाबला अब सेमीफाइनल में ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की जोड़ी से होगा। ब्रिटेन के खिलाड़ियों की ये जोड़ी काफी मजबूत है और इनको टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त है। इन दोनों ने एक साथ इसी साल फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन खिताब नहीं जीत सके थे। अब ये दोनों यूएस ओपन का खिताब जीतने के लिए सब कुछ झोंक देंगे। ऐसे में भांबरी और वीनस को सेमीफाइनल में मजबूत तैयारी के साथ कोर्ट में आना होगा।

### बहुत ही रोमांचक अनुभव: युकी

*तैतीस वर्ष के भांबरी चोटों से परेशान रहने के बाद एकल छोड़कर युगल पर फोकस कर रहे हैं। दुनिया के पूर्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी भांबरी का सीनियर ग्रैंडस्लैम में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने कहा, 'यह बहुत ही रोमांचक अनुभव था। मैं काफी भावुक हो रहा हूं। मुझे खुशी है कि इतना कठिन मैच हम जीत सके। हमारी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी काफी अनुभवी थी और उनके खिलाफ जीतना बहुत बड़ी बात है।' उन्होंने कहा, 'अभी तक का सफर अच्छा रहा है। मुझे खुशी है कि वीनस और मैं मिलकर अच्छा खेल पा रहे हैं।' इसके साथ ही पुरुष युगल में भारत का दबदबा लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद भांबरी ने बरकरार रखा है।*

## सेमीफाइनल में सिनेर की एंट्री



गत चैंपियन यानिक सिनेर ने इटली के ही दसवीं रैंकिंग वाले लोरेंजो मुसेत्ती को 6-1, 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना 25वीं वरीयता वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा, जिन्होंने आठवीं रैंकिंग वाले एलेक्स डि मिनौर को 4-6, 7-6, 7-5, 7-6 से हराया। सिनेर का यह लगातार पांचवां ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल है। अगर वह शुक्रवार को जीतते हैं तो इस साल चारों ग्रैंडस्लैम फाइनल पहुंचने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

## अनिसिमोवा सेमीफाइनल में, स्वियातेक को हराया

आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने इगा स्वियातेक को 6 -4, 6-3 से हराकर अमेरिकी ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दो महीने पहले ही छह बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्वियातेक ने विम्बलडन फाइनल में अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराया था। अमेरिका की अनिसिमोवा का यह तीसरा ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल है लेकिन फ्लशिंग मीडोस पर वह पहली बार अंतिम चार में पहुंची हैं। अब उनका सामना चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा, जिन्होंने कोको गाफ को हराया था। उन्होंने सेमीफाइनल में 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को मात दी।



भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
सत्यमेव जयते

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

नेक्स्ट - जेन जीएसटी :
02 कर स्लैब क्रान्ति

सरलीकृत अनुपालन और बढ़ी हुई वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता



"विकसित भारत बनाने के लिए ना हम रुकेंगे, ना हम झुकेंगे, हम परिश्रम की पराकाष्ठा करते रहेंगे और हम 2047 तक विकसित भारत बना कर रहेंगे।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

व्यवसायों को लाभ

दो दर संरचना
जीएसटी प्रणाली के अंतर्गत 99% से अधिक माल और सेवाएं अब या तो कर–मुक्त हैं या फिर निम्न कर श्रेणियों के अंतर्गत आती हैं :
- 5% जीएसटी श्रेणी
- 18% जीएसटी श्रेणी
यह वर्गीकरण को सरल बनाएगा एवं मुकदमों में उल्लेखनीय कमी लाएगा

पंजीकरण
निम्नलिखित आवेदकों के लिए 3 कार्य दिवसों के भीतर स्वचालित पंजीकरण :
- डेटा विश्लेषण के आधार पर सिस्टम द्वारा पहचान की गई
- जो यह निर्धारित करता है कि वह प्रति माह ₹2.5 लाख से अधिक का इनपुट टैक्स क्रेडिट पास नहीं करेगा और इस योजना का विकल्प चुनता है
इससे लगभग 96% नए आवेदकों को लाभ मिलेगा

रिफंड
सिस्टम आधारित जोखिम मूल्यांकन के माध्यम से उचित अधिकारी द्वारा प्रोविजनल रिफंड की मंजूरी :
- शून्य रेटेड आपूर्ति के लिए
- इनवर्टेड शुल्क संरचना वाली आपूर्तियों के लिए
इससे नकदी प्रवाह की बाधाएं कम होंगी और भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा

अनुशंसित संशोधित दरों और अन्य माल एवं सेवा कर परिवर्तनों की पूरी सूची के लिए, कृपया स्कैन करें →

CBC 15502/13/0007/2526

@cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @cbicindia @CBICIndia www.cbic.gov.in

## चिंतन

# जीएसटी सुधार से देश के विकास को मिलेगी गति

बुधवार को जीएसटी काउंसिल ने वो फैसला ले ही लिया, जिसका 15 अगस्त के बाद से देश को बेसब्री से इंजतार था। स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधार का ऐलान करते हुए आम देशवासी को राहत देने का वादा किया था। जीएसटी काउंसिल ने इस पर अमल करते हुए वस्तु कर के दो स्लैब 12 और 28 प्रतिशत को खत्म कर दिया। इनकम टैक्स में राहत के बाद यह केंद्र सरकार का आम आदमी को दूसरा बड़ा तोहफा है। इससे किसान और छोटे उद्यमियों के इस्तेमाल में आने वाली सैकड़ों वस्तुएं न केवल सस्ती होंगी बल्कि उनकी खपत भी बढ़ेगी, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। अब जीएसटी की सिर्फ दो दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी। वैसे तो जीएसटी में सुधार की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब इसकी पृष्ठभूमि में एक ओर वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल को माना जा रहा है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो साफ है कि आज की आर्थिक दुनिया में किसी भी देश की मजबूती का पहला आधार उसकी घरेलू मांग और खपत होनी चाहिए। कअमेरिका जैसा विकसित देश भी टैरिफ को हथियार बनाकर अपने हित में ट्रेड डील की कोशिश कर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने अमेरिका के समक्ष झुकने की बजाए इसके विकल्प को अपनाने का रास्ता चुना है। अमेरिका से समझौता हमारे छोटे किसानों, पशुपालकों और छोटे व्यापारियों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में देश के सामने टैरिफ को लेकर उपजी चुनौतियों का समाधान यही है कि हम घरेलू स्तर पर खपत, मांग और निवेश को बढ़ाकर विकास को गति दें। इससे न केवल हमारी विकास वृद्धि दर बरकरार रहेगी, बल्कि बढ़ती मांग से निवेश और रोजगार का चक्र भी जारी रहेगा। यह स्थिरता हमें दुनिया में वैकल्पिक बाजारों की ओर बढ़ने का भी अवसर देगी। इसलिए जीएसटी सुधारों को केवल बदलाव नहीं, बल्कि नई अर्थव्यवस्था के निर्माण के रूप में देखना चाहिए। वैसे भी जीएसटी केंद्र और राज्य सरकारों के लिए दुधारू गाय सबित हुआ है। एक जुलाई 2017 को लागू होने के बाद से हर साल इससे सरकार की आय में इजाफा हुआ है। इस साल 2025 में तो जीएसटी कलेक्शन ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। शुरुआती साल में इसके जरिए सरकारी खजाने में 7.41 लाख करोड़ रुपये आए थे, वहीं अगले साल 2018–19 में जीएसटी से कमाई का आंकड़ा 11.77 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। अब तक कलेक्शन में तीन गुना से ज्यादा का इजाफा दर्ज किया जा चुका है। 2021-22 से लेकर 2024-25 तक सिर्फ पांच साल में ही जीएसटी से सरकार की कमाई दोगुनी हो गई और ये 11.37 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 22.08 लाख लाख करोड़ रुपये पहुंच गई, लेकिन अब बात अमेरिकी टैरिफ से निपटने और देश के विकास को नई रफ्तार देने की है। विकास दो चीजों पर निर्भर करता है। पहली, लोगों की आय लगातार बढ़े और दूसरी महंगाई नियंत्रण में रहे। आय तभी बढ़ेगी जब देश में निवेश और उत्पादन को गति मिले और रोजगार के नए अवसर बनें। वहीं महंगाई पर काबू पाने के लिए अप्रत्यक्ष करों में कटौती सबसे प्रभावी उपायों में से मानी जाती है। इसी आर्थिक सोच के तहत सरकार ने इस साल डिरेगुलेशन की दिशा में दो बड़े सुधार किए हैं जिसका असर अगले कुछ दिनों में दिखाई देगा। विदेशी कंपनियां निवेश की ओर आकर्षित होंगी और भारतीय कंपनिया और स्टार्टअप्स अनुपालन के बोझ से मुक्त होकर नवाचार में छलांग लगाएंगे। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि मेक इन इंडिया को भी बल मिलेगा।



आपदा
विवेक शुक्ला

# बाढ़ से बेहाल सरहद के आर-पार के पंजाब

आजकल सरहद के आर–पार का पंजाब फिर से शोकाकुल है। दोनों पंजाब बाढ़ के कारण हुई अपनी बर्बादी पर रो रहे हैं। भयानक बाढ़ ने लाखों लोगों को तबाह कर दिया है। इस कष्ट और बेबसी ने मुल्कों और सरहदों की दूरियां मिटा दी हैं। दरअसल दोनों पंजाब अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहे हैं। भारी मानसूनी बारिश, नदियों का उफान, और बांधों से पानी का अनियंत्रित रिसाव ने दोनों देशों के पंजाब प्रांतों में भयावह बाढ़ ला दी है। बेशक, जलवायु परिवर्तन इस बाढ़ का एक दीर्घकालिक कारण है। इस तरफ दोनों देशों को पर्याप्त ध्यान देना होगा। पाकिस्तान को विशेष रूप से अपनी प्राथमिकताओं को बदलना होगा। उसे अपने डिफेंस बजट को कम करके जनता के हितों में फैसले लेने होंगे।

अमृता प्रीतम ने देश के बंटवारे के कारण पंजाब में हुए कत्लेआम पर एक कालजयी रचना लिखी थी- 'अज्ज आखाँ वारिस शाह नूं, कितों कबरां विच्चों बोल...'। ये नज़्म 1947 में हुए बंटवारे की प्रतिनिधि रचना मानी जाती है। इसमें बंटवारे के दर्द को बेहद मार्मिक तरीके से व्यक्त किया गया है। आजकल सरहद के आर-पार का पंजाब फिर से शोकाकुल है। दोनो पंजाब बाढ़ के कारण हुई अपनी बर्बादी पर रो रहे हैं। भयानक बाढ़ ने लाखों लोगों को तबाह कर दिया है। इस कष्ट और बेबसी ने मुल्कों और सरहदों की दूरियां मिटा दी हैं। दरअसल दोनों पंजाब अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहे हैं। भारी मानसूनी बारिश, नदियों का उफान, और बांधों से पानी का अनियंत्रित रिसाव ने दोनों देशों के पंजाब प्रांतों में भयावह बाढ़ ला दी है।

सोशल मीडिया पर बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की तस्वीरों को देखकर दिल दहल जाता है। सब तरफ पानी ही पानी दिखाई देता है। पंजाब क्षेत्र में इस साल मानसून असामान्य रूप से तीव्र रहा है। भारत और पाकिस्तान दोनों में मौसम विभागों के अनुसार, 1 जुलाई से 27 अगस्त 2025 के बीच पंजाब में पिछले साल की तुलना में 26.5% अधिक बारिश दर्ज की गई। यह अत्यधिक वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसून का परिणाम है, जो दोनों देशों में भारी बारिश का प्रमुख स्रोत है। जलवायु परिवर्तन ने इस मानसून को और उग्र बना दिया है, क्योंकि गर्म हवा अधिक नमी को समाहित करती है, जिसके परिणामस्वरूप भारी और अनियंत्रित बारिश होती है। पंजाब की प्रमुख नदियां-रावी, सतलज, ब्यास, और चिनाब—इस साल असामान्य रूप से उफान पर हैं। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश ने इन नदियों में पानी का प्रवाह बढ़ा दिया है, जिसके कारण भारत के पंजाब में गुरदासपुर, अमृतसर, और फिरोजपुर जैसे जिलों में बाढ़ आई। पाकिस्तान में भी, इन नदियों का जलस्तर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिसने लाहौर, कसूर, और बहावलनगर जैसे क्षेत्रों को जलमग्न कर दिया। लाहौर के पॉश इलाकों में रावी का पानी घुसने से हजारों घर प्रभावित हुए हैं।

हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना भी इस बाढ़ का एक प्रमुख कारण है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, देश के 7,500 ग्लेशियरों में से लगभग 45% तेजी से पिघल रहे हैं। यह पिघलता पानी रावी, सतलुज, और चिनाब जैसी नदियों में प्रवेश करता है, जिससे उनका जलस्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ जाता है। पाकिस्तान के जाने-माने पत्रकार हमजा हबीब कहते हैं कि उनके देश के पंजाब में खराब जल निकासी प्रणाली ने बाढ़ के प्रभाव को और बढ़ा दिया। उदाहरण के लिए, वाघा बॉर्डर पर जलभराव की स्थिति भारत की तुलना में अधिक गंभीर थी, क्योंकि भारत ने बेहतर रेन वाटर हार्वेस्टिंग और ड्रेनेज सिस्टम लागू किया है। इसके विपरीत, पाकिस्तान में अपर्याप्त ड्रेनेज ने पानी को जमा होने दिया, जिससे सड़कें, घर, और खेत जलमग्न हो गए।

भारत में भी, कुछ क्षेत्रों में पुराने बुनियादी ढांचे और अतिक्रमण ने जल निकासी को बाधित किया,



जिससे बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई। सब जानते हैं कि पंजाब दोनों देशों का 'अन्न भंडार' है। इस बाढ़ ने इसे बुरी तरह प्रभावित किया है। भारत में 61 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि डूब गई, जबकि पाकिस्तान में हजारों एकड़ फसलें नष्ट हो गईं। यह न केवल खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि लाखों किसानों की आजीविका को भी नष्ट कर रहा है। 2022 की बाढ़ की तरह, इस बार भी पाकिस्तान में खाद्य संकट की आशंका बढ़ गई है। पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहा है, और यह बाढ़ उसकी चुनौतियों को और बढ़ा रही है। हजारों घर, सड़कें, और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा नष्ट हो गया है। पाकिस्तान में इससे पहले 2022 में भी भयानक बाढ़ से हाहाकार मच गया था। तब भी पड़ोसी मुल्क का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया था।

हजारों लोगों की जानें गई थीं। बाढ़ग्रस्त इलाकों में लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए थे। स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि पाकिस्तान ने भारत से आलू, टमाटर,प्याज और खाद्य तेलों का आयात करने की इच्छा जताई थी। पाकिस्तान के तत्कालीन वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने कहा था कि सरकार बाढ़ के बाद देश भर में फसल बर्बाद होने के बाद लोगों की सुविधा के लिए भारत से सब्जियां और अन्य खाद्य पदार्थ आयात करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। तब पाकिस्तान में बाढ़ के कारण हुई तबाही पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर संवेदना जताई थी। उन्होंने कहा था, "पाकिस्तान में बाढ़ से हुई तबाही को देखकर दुख हुआ। हम पीड़ितों, घायलों और इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित सभी लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली की आशा करते हैं।" पर भारत-पाकिस्तान के रिश्ते पहलगाम की घटना के कारण बहुत खराब हो चुके हैं। इस बीच, भारत में भी, पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं, और लोग राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। सामाजिक तनाव भी बढ़ रहा है, क्योंकि प्रभावित लोग सरकार से मुआवजे और पुनर्वास की मांग कर रहे हैं। इस बाढ़ ने दोनों देशों में लाखों लोगों को प्रभावित किया है। पाकिस्तान के पंजाब में लगभग 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, जबकि भारत में 1,000 से अधिक गांव जलमग्न हो गए हैं। लोग अपने घर, खेत, और आजीविका खो चुके हैं। सिखों का पवित्र धार्मिक स्थान करतारपुर कॉरिडोर भी पानी से लबालब है। भारत ने भारी मानसूनी बारिश के कारण अपने डैमों से पानी छोड़ने की सूचना पाकिस्तान को बीते महीने दे दी थी। यह सामान्य प्रक्रिया है, क्योंकि डैम भर जाने पर अतिरिक्त पानी नदियों में बहता है, जो पाकिस्तान की ओर जाता है। भारत ने मानवीय आधार पर 24-26 अगस्त को कई चेतावनियां जारी कीं, भले ही सिंधु जल संधि अप्रैल 2025 में निलंबित हो गई थी। पर पाकिस्तान के कुछ यू ट्यूबर्स आरोप लगा रहे हैं कि भारत के इस कदम से न केवल पाकिस्तान बल्कि भारत में भी बाढ़ आई। उनका दावा है कि भारत ने डैमों को पाकिस्तान के पानी से भरकर अचानक फाटक खोले, जिससे पाकिस्तानी पंजाब में विनाशकारी बाढ़ आई। हालांकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इन आरोपों को नकार दिया है। बेशक, जलवायु परिवर्तन इस बाढ़ का एक दीर्घकालिक कारण है। इस तरफ दोनों देशों को पर्याप्त ध्यान देना होगा। पाकिस्तान को विशेष रूप से अपनी प्राथमिकताओं को बदलना होगा। उसे अपने डिफेंस बजट को कम करके जनता के हितों में फैसले लेने होंगे।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail..com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'



# हर प्रश्न में छिपा हुआ है शिक्षक, हर उत्तर में सीख

शिक्षक दिवस, जिसे भारत में हर साल 5 सितंबर को उत्साह और सम्मान के साथ मनाया जाता है, केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि ज्ञान, प्रेरणा और जीवन मूल्यों का एक जीवंत महोत्सव है। यह दिन हमें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे महान शिक्षाविद् की याद दिलाता है, जिन्होंने शिक्षा को समाज के उत्थान का सबसे शक्तिशाली माध्यम माना। आज यह दिन न केवल कक्षा की चारदीवारी तक सीमित है, बल्कि यह हमें हर उस व्यक्ति को सम्मानित करने का अवसर देता है जो हमारे जीवन को नए अर्थ, दिशा और संभावनाओं से समृद्ध करता है। परंपरागत रूप से, शिक्षक वह गुरु था जो ज्ञान का दीप जलाता था, और शिष्य उसकी रोशनी में जीवन पथ पर आगे बढ़ता था। लेकिन आधुनिक युग में शिक्षक की परिभाषा और अधिक व्यापक हो गई है। आज शिक्षक वह नहीं जो केवल किताबी ज्ञान दे, बल्कि वह है जो हमें जीवन की जटिलताओं को समझने, चुनौतियों का सामना करने और मूल्यों को अपनाने की कला सिखाता है। यह माता-पिता हो सकते हैं जो हमें नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, दोस्त जो कठिन समय में हौसला देते हैं, या कोई अनजान व्यक्ति जिसकी सलाह हमारे जीवन को नया मोड़ देती है। शिक्षक दिवस को नए दृष्टिकोण से देखना यही है कि हम इसे केवल एक व्यक्ति या पेशे तक सीमित न करें। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षक समाज का हर वह व्यक्ति है जो हमें कुछ सिखाता है। एक बच्चा अपनी मासूम जिज्ञासा से नया दृष्टिकोण देता है, एक सहकर्मी सहयोग और नेतृत्व की कला सिखाता है, और हमारी असफलताएं भी हमें धैर्य व दृढ़ता का पाठ पढ़ाती हैं। इस तरह शिक्षक दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि उस निरंतर सीखने की प्रक्रिया का सम्मान है जो हमें हर पल बेहतर बनाती है। यह हमें यह अहसास कराता है कि ज्ञान का कोई एक स्रोत नहीं, यह जीवन के हर अनुभव, हर रिश्ते और हर क्षण में बिखरा हुआ है। शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान बांटने तक सीमित नहीं, बल्कि वह एक मूर्तिकार है जो संवेदनशीलता, मानवीयता और नैतिकता को आकार देता है। आज के युग में, जब तकनीकी प्रगति दुनिया को तेजी से बदल रही है, शिक्षक हमें यह सिखाता है कि असली प्रगति मशीनों या व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और सामूहिक कल्याण में निहित है। वह हमें यह समझाता है कि सफलता का अर्थ केवल अपनी जीत नहीं, बल्कि समाज को बेहतर बनाने का साझा प्रयास है। एक शिक्षक का प्रभाव उसके शब्दों से कहीं अधिक उसके चरित्र, सोच और जीवनशैली में झलकता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन इसका जीवंत उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने ज्ञान, सादगी और समर्पण से लाखों लोगों को प्रेरित किया। शिक्षक दिवस को नए अर्थ देने का मतलब है इसे केवल अतीत के सम्मान तक सीमित न रखकर भविष्य की नींव बनाने का उत्सव बनाना। शिक्षक का दायित्व महज पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की अनिश्चितताओं और चुनौतियों के लिए तैयार करना है। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, जहां परिवर्तन ही एकमात्र स्थायी सत्य है, शिक्षक वह आधार प्रदान करता है जो हमें हर बदलाव के साथ सामंजस्य बैठाने की शक्ति देता है। वह हमें यह विश्वास दिलाता है कि हर कठिनाई में अवसर छिपा है और हर सवाल में एक नया जवाब। शिक्षक दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है, जो हमें प्रेरित करता है कि हम अपने कार्यों, व्यवहार और जीवनशैली से दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनें। चाहे वह कक्षा में बच्चों को पढ़ाने वाला शिक्षक हो, नैतिकता का पाठ सिखाने वाले माता-पिता हों, या समाज में बदलाव लाने वाला कार्यकर्ता हो, हर व्यक्ति अपने स्तर पर शिक्षक की भूमिका निभाता है। शिक्षक दिवस को व्यापक दृष्टिकोण से देखें तो यह केवल एक दिन या व्यक्ति का उत्सव नहीं, बल्कि वह अनंत श्रृंखला है जो पीढ़ियों को जोड़ती है। शिक्षक दिवस को नए अर्थ देना यही है कि इसे औपचारिकता से परे ले जाकर जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा केवल कक्षा की चारदीवारी तक सीमित नहीं, बल्कि यह हर अनुभव, हर रिश्ते और हर क्षण में बिखरी हुई है। शिक्षक दिवस का असली उत्सव तब है जब हम अपनी जिज्ञासा को जीवित रखते हैं, दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं, और हर अनुभव से सीख लेते हैं। यह दिन केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि उस अनंत यात्रा का उत्सव है जिसमें हम सभी सहयात्री हैं, कभी शिक्षक, कभी शिष्य, और हमेशा एक सीखने वाले। यही शिक्षक दिवस का सच्चा अर्थ है, जो इसे आज के युग में सही मायनों में जीवंत और प्रासंगिक बनाता है।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल



संकलित
## दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है।राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

# नई बातें सीखने से व्यक्तित्व निखरेगा



संकलित
## प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हों, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नए मीटर हटाए सरकार

इलेक्ट्रानिक मीटर क्या लगे, जी का जंजाल बन गए हैं। पुराने मीटर उपभोक्ताओं के लिए उपयुक्त थे और किसी को शिकायत नहीं थी। जैसे हो बिजली के नए मीटर लगे उपभोक्ताओं के दोगुने बिल आने लगे हैं। चारों तरफ त्राहि–त्राहि है। आर्थिक तंगी में बढ़े हुए बिल जैसे गरीबी में आटा गीला हो गया है। उपभोक्ता चाहते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर हटा कर पुराने मीटर ही लगाए जाएं और नए मीटर हटा कर विभाग जनहित का कार्य करे। इन नए मीटरों की न तो जनता ने मांग की थी और न इन्हें कोई चाहता है। इस कवायद से भले ही विद्युत विभाग की आय बढ़ी है, पर उपभोक्ता इस ट्रंप के से टैरिफ को नहीं सह पा रहे हैं। आशा है जनहित में विभाग और सरकार इस योजना को बंद कर अवश्य अनुगृहीत करेंगे।

*– दिलीप तिवारी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सिंगापुर मूल्यवान साझेदार



विकसित भारत के निर्माण की हमारी यात्रा में सिंगापुर एक मूल्यवान साझेदार है। हम उन्नत विनिर्माण, कौशल विकास और डिजिटल ढांचों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रोडमैप के त्वरित कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सबका मंगल एवं कल्याण हो



सृष्टि पालक भगवान विष्णु के पंचम अवतार भगवान वामन की जयंती पर समस्त देश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु की कृपा आप सभी पर बनी रहे, सबके जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और आनंद बढ़े, सबका मंगल एवं कल्याण हो।

**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### प्रगतिशील कदम



आवश्यक वस्तुओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कृषि के लिए संशोधित जीएसटी स्लैब समावेशी विकास की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। सिक्किम के लोगों की ओर से, मैं इस परिवर्तनकारी पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देता हूं।

**- प्रेम सिंह तमांग, सीएम, सिक्किम**

### तकनीक की दुनिया



वैश्विक राजनीति में काफी अनिश्चितता है। लेकिन वैश्विक बाज़ारों ने सकारात्मकता दिखाई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि तकनीक की दुनिया में अद्भुत प्रगति हो रही है जो समृद्धि की ओर ले जा रही है।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# एनआरआई अमित नासा के सह-प्रशासक नियुक्त



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने यहां घोषणा की कि भारतीय–अमेरिकी अमित क्षत्रिय को नासा का 'अन्वेषण–केंद्रित' नया सह–प्रशासक नियुक्त किया गया है। नासा में 20 साल सेवा दे चुके क्षत्रिय हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के अन्वेषण प्रणाली विकास मिशन निदेशालय (ईएसडीएमडी) में चंद्रमा और मंगल से जुड़े अभियान कार्यक्रमों के उप–प्रभारी थे। नासा के एक बयान में कहा कि कार्यवाहक नासा प्रशासक सीन पी डफी ने बुधवार को अमित क्षत्रिय को नासा का अन्वेषण केंद्रित नया सह–प्रशासक नियुक्त किया। विस्कॉन्सिन में भारतीय प्रवासी माता–पिता के घर जन्मे एवं कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी तथा ऑस्टिन स्थित टेक्सास विवि से शिक्षा प्राप्त क्षत्रिय इतिहास में मिशन नियंत्रण उड़ान निदेशक के रूप में सेवा करने वाले लगभग 100 लोगों में से एक हैं। नासा की वेबसाइट पर उनके प्रोफाइल के अनुसार, वह 2003 में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी से जुड़े थे। क्षत्रिय को अंतरिक्ष स्टेशन के 50वें अभियान के वास्ते प्रमुख उड़ान निदेशक के रूप में उनके कार्यों के लिए नासा उत्कृष्ट नेतृत्व पदक से सम्मानित किया गया था। नासा ने कहा कि अपनी नयी भूमिका में वह एजेंसी में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक के रूप में तथा डफी के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम करेंगे।

## ऑफ बीट

# सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं



वजन–समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन–समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से – जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं – भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72 .6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

हरियाणा सरकार

"अमृतकाल में विकसित भारत के निर्माण के लिए हमारे जो सपने हैं, जो आकांक्षाएं हैं, उन्हें साकार करने में भारत की श्रम शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसी सोच के साथ देश संगठित और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों श्रमिक साथियों के लिए निरंतर काम कर रहा है।"

**- नरेन्द्र मोदी**



## हरियाणा राज्य की औद्योगिक, दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए विशेष लाभ



# हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं


**हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को भी मिलेगा श्रम कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ**



### बोर्ड द्वारा श्रमिकों हेतु कल्याणकारी योजनाएं

1. श्रमिकों के बच्चों के लिए स्कूल की वर्दी, किताबें व कापियां आदि खरीदने हेतु वित्तीय सहायता- **₹3,000 से ₹4,000 तक**
2. श्रमिकों के बच्चों की खेलों के प्रति प्रतिभा को विकसित करने हेतु योजना - **₹2,000 से ₹31,000 तक**
3. श्रमिकों के बच्चों की सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रतिभा विकसित करने हेतु योजना- **₹2,000 से ₹31,000 तक**
4. व्यावसायिक कोर्स हेतु कोचिंग योजना- **₹20,000 से ₹1,00,000 तक**
5. छात्रवृत्ति योजना - **₹10,000 से ₹21,000 तक**
6. कन्यादान योजना - **₹51,000**
7. शगुन योजना - **₹21,000**
8. प्रसूति योजना - **₹12,000** (लड़का होने पर) तथा **₹15,000** (लड़की होने पर)
9. साइकिल योजना - **₹5,000**
10. चश्मा योजना - **₹1,500**







11. सिलाई मशीन योजना - **₹4,500**
12. एल.टी.सी. योजना - **₹1,500**
13. श्रमिकों की किसी भी कारण से अपंगता होने पर वित्तीय सहायता- **₹1,00,000 से ₹3,00,000 तक**
14. डेंटल केयर/डेंचर लगवाने हेतु योजना- **₹4,000 से ₹10,000 तक**
15. तिपहिया साइकिल (TriCycle) योजना - **₹7,000 तक**
16. शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए वित्तीय सहायता- **₹20,000 से ₹30,000 प्रतिवर्ष**
17. श्रवण मशीन/Hearing Aids योजना - **₹10,000**
18. कृत्रिम अंग लगाने हेतु योजना **- साकेत अस्पताल, पंचकूला द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार**
19. श्रमिकों की विधवाओं व आश्रितों को आर्थिक मदद - **₹3,00,000**
20. दाह-संस्कार योजना - **₹15,000**
21. मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना - **₹5,00,000**

अगर आप औद्योगिक व वाणिज्यिक क्षेत्र या हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कॉन्ट्रैक्ट / स्थायी कर्मचारी हैं तो जल्द ही अपना पंजीकरण करवाकर पाएं योजना का लाभ

**पंजीकरण कैसे करें?**

- अपने नियोक्ता से संपर्क करें
- https://hrylabour.gov.in / https://saralharyana.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करें

**अधिक जानकारी के लिए**
**टोल फ्री नं. 1800-180-2129**

**श्रम विभाग, हरियाणा**

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा**

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# भारी बारिश ने मचाई तबाही : दिल्ली में यमुना का पानी घुसा शहर के अंदर, पलायन


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में यमुना का पानी शहर के अंदर घुस गया है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भरा है। मयूर विहार फेज-1 में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बने राहत शिविरों में यमुना का पानी भर गया। अलीपुर में नेशनल हाईवे-44 पर फ्लाईओवर का एक हिस्सा धंस गया। उत्तराखंड में भारी अतिवृष्टि ने तबाही मचाई हुई है। हर्षिल में तेलगाड के मुहाने पर पहाड़ टूटने के कारण उसका प्रवाह रुक गया है। सुबह पहाड़ टूटने से पहले उसमें मलबा ओर पानी बह कर आया। मुहाने पर पहाड़ टूटने के कारण रुके प्रवाह से ऊपर झील बनने का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने हर्षिल ओर निचले इलाकों में लोगों को सावधान रहने को कहा है। इस घटना से हर्षिल क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

**उत्तराखंड में भारी अतिवृष्टि ने मचाई तबाही**

*उत्तरकाशी में लगातार बारिश के कारण कई गांवों में भू-धंसाव की घटनाएं बढ़ गई हैं जिससे ग्रामीणों के आवासीय भवन खतरे की जद में आ गए हैं। इस स्थिति से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है और उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सुरक्षात्मक कार्य करने की मांग की है*

**पुलिस ने सावधान रहने को कहा | लोग घर छोड़कर दूसरी जगह गए**



## पानी में घुसकर मंत्री शिवराज ने लिया जायजा



**अमृतसर(ब्यूरो)।** पंजाब में भारी बारिश और बाढ़ के कारण उत्पन्न आपदा की स्थिति का जायजा लेने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पंजाब पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पंजाब आए हैं और केंद्र सरकार पूरी तरह पंजाब के साथ खड़ी है। अमृतसर एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद, राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का एक प्राथमिक मूल्यांकन रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री को सौंपी। इसके बाद मंत्री चौहान ने स्थानीय नेतृत्व और अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली और उसके तुरंत बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने निकल पड़े।

### छाटांगा और मदेश गांव में भूस्खलन

*बड़कोट नगरपालिका क्षेत्र के छाटांगा में आधे दर्जन से अधिक घरों के आंगन भू-धसाव की चपेट में आ गए हैं। लगातार बारिश से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। लोग डर के मारे रात में सो नहीं पा रहे हैं और कई लोग अपने घर छोड़कर दूसरी जगहों पर रात गुजारने को मजबूर हैं। वहीं मदेश गांव के ग्रामीणों में भी भय का माहौल है क्योंकि गांव के आगे और पीछे से भूस्खलन हो रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य अमिता पंवार ने बताया कि गांव के नीचे सहायक नदी के कटाव से भी खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि अगर बारिश इसी तरह जारी रही तो गांव के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है।*

## हिमाचल के ओच्छघाट में घर पर पहाड़ी से गिरी बड़ी चट्टान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के ओच्छघाट क्षेत्र में देर रात एक बड़ी चट्टान अचानक पहाड़ से खिसक कर सीधे एक दो मंजिला मकान पर गिर गई और छत को तोड़ती हुई आंगन में आकर अटकी। गनीमत रही कि यह चट्टान कुछ पेड़ों पर अटक गई, अन्यथा इसका कहर साथ लगते कई घरों पर टूट पड़ता और जानमाल का बड़ा नुकसान हो सकता था।



### बठोल में भूस्खलन, तीन घरों में आईं दरारें

*सोलन जिले के धर्मपुर में बारिश के बाद बठोल गांव में भूस्खलन होने से तीन घरों में दरारें आ गईं। एहतियातन घरों को खाली करवा दिया गया है। यहां पर लगातार भूमि कटाव हो रहा है। इससे पूरे गांव को खतरा मंडराया हुआ है। खेतों में भी गहरी दरारें पड़ गई हैं।*

### नेरन गांव में जमीन में धंसा मकान

सोलन जिले की रामशहर तहसील के तहत ग्राम पंचायत बहेड़ी के गांव नेरन में बारिश के चलते एक रिहायशी मकान जमीन में समा गया। यह मकान शंकर कुमार पुत्र बुधराम का था। इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।



### 90 बीएसएफ चौकियां पानी में डूबी, भारत-पाक सीमा पर लगी 110 किमी लंबी फेंसिंग क्षतिग्रस्त

*चंडीगढ़। पंजाब में लगातार बारिश और बाढ़ से सभी 23 जिलों में 1400 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में हैं। पंजाब सरकार ने राज्य को आपदाग्रस्त घोषित कर दिया है। बाढ़ की वजह से भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 110 किमी से अधिक फेंसिंग (बाड़) क्षतिग्रस्त हो चुकी है और सरहद पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 90 चौकियां पानी में डूब चुकी हैं। इसके अलावा जम्मू और पंजाब दोनों ही राज्यों के बॉर्डर एरिया बाढ़ की चपेट में हैं। बीएसएफ की तरफ से मेगा पुनर्निर्माण अभियान शुरू किया गया है।*

---

**खबर संक्षेप**

### नाइजीरिया में नाव के टकराने से 31 की मौत

**अबुजा।** उत्तर-मध्य नाइजीरिया में एक नदी में नाव हादसा हो गया। हादसे में 31 लोगों की मौत हो गई।



अफसरों ने बताया कि नाइजर राज्य के बोर्गू क्षेत्र में एक नाव एक पेड़ के तने से टकरा गई। उसमें 90 लोग सवार थे। नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन एजेंसी ने बताया कि अब तक 50 लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन लापता लोगों की संख्या की

### लिस्बन में पटरी से उतरी ट्राम, 17 लोगों की मौत


लिस्बन। लिस्बन में एक ट्राम (स्ट्रीटकार) पटरी से उतर गई। हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई।



जबकि 23 लोग घायल हो गए। राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने घटना को लेकर दुख जताया। राष्ट्रीय चिकित्सा आपात स्थिति संस्थान ने बताया कि घायलों में से 5 की हालत गंभीर है। घायलों में विदेशी नागरिक और एक बच्चा भी शामिल हैं।

### नेपाल में 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बैन

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने नेपाल टेलीकॉम अथॉरिटी को 26 सोशल मीडिया वेबसाइट्स ब्लॉक करने का



आदेश दिया है। इन वेबसाइट्स में मेटा और एक्स भी शामिल हैं। नेपाल की मिनिस्ट्री ऑफ कम्यूनिकेशन एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के प्रवक्ता गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि सभी सोशल मीडिया को नेपाल में गुरुवार से बंद कर दिया गया है। गुरुवार दोपहर हुई एक बैठक में नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण को गुरुवार से प्रभावी 26 सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने का आदेश देने का निर्णय लिया गया।

### हिट-एंड-रन मामले पर मुंबई पुलिस को फटकार

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने तीन साल पहले हुए हिट-एंड-रन मामले की



जांच में ढुलमुल रवैया अपनाने पर मुंबई पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि पुलिस जांच अपेक्षित मानकों पर खरी नहीं उतरी और कोर्ट के दखल के बाद ही मामले में कुछ तेजी आई। न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम की बेंच ने यह बात कही।

---

### बंगाल विधानसभा में भारी हंगामा, भाजपा और तृणमूल विधायक भिड़े

# सुवेंदु के बाद शंकर भी निलंबित, भाजपा के चीफ ह्विप घोष को घसीटकर बाहर निकाला

*अग्निमित्रा के बोलने का समय घटाया और माइक बंद किया तो बिगड़े हालात*

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच झड़प हुई। मामला धक्का-मुक्की और हाथापाई तक पहुंच गया। इस दौरान भाजपा के चीफ व्हिप शंकर घोष के घायल होने की खबर है। मामला इतना बढ़ गया कि खुद मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी को विधायकों को शांत कराना पड़ा। बंगाल भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष को दिन की शेष कार्यवाही के लिए विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने भारी हंगामा करने की वजह से यह कार्रवाई की। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल का समय घटाने और माइक बंद करने के बाद मामला गरमा गया और नारेबाजी शुरू हो गई। इस बीच दोनों पक्षों ने जमकर बवाल किया।





**सुवेंदु के निलंबन पर बढ़ी बात, घोष भड़के**

*भाजपा विधायकों ने जानना चाहा कि 2 सितंबर को विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी को क्यों निलंबित किया गया था? जब घोष ने जाने से इनकार कर दिया, तो विधानसभा मार्शल बुलाए गए और उन्हें घसीटकर सदन से बाहर निकाल दिया गया। मुख्यमंत्री ने भाजपा विधायकों के असंसदीय आचरण की निंदा की और कहा कि वे बंगाली प्रवासियों के अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित एक गंभीर चर्चा को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे थे। अराजकता बढ़ने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके कारण कई बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।*

**शंकर घोष ने सुवेंदु के निलंबन पर की नारेबाजी**

मुख्यमंत्री ने बंगाली भाषा पर हमले को लेकर जैसे ही बोलना शुरू किया, शंकर घोष ने नारेबाजी शुरू कर दी। वह लगातार अधिकारी के निलंबन का मुद्दा उठाते रहे और आरोप लगाया कि उस पर अलग-अलग बयान दिए जा रहे हैं। स्पीकर ने कई बार उन्हें चेताया, लेकिन घोष नहीं माने। आखिरकार मुख्यमंत्री को अपना भाषण बीच में रोकना पड़ा। इसके बाद स्पीकर ने शंकर को सस्पेंड कर दिया। लेकिन घोष अपनी सीट से हटने को तैयार नहीं हुए। भाजपा विधायकों ने उन्हें घेर लिया। सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें बाहर ले जाने की कोशिश की, जिसके चलते सदन में जमकर धक्का-मुक्की हुई। अंततः मुख्यमंत्री वेल में उतरीं और अपनी पार्टी के विधायकों को अपनी-अपनी सीट पर बैठने का निर्देश दिया।

### ममता और उनके गुलाम प्रशासन की ओर से लोकतंत्र की हत्या

सुवेंदु ने आरोप लगाया कि ममता सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की है। अधिकारी ने बंगाली में लिखे एक पोस्ट में लिखा, आज पश्चिम बंगाल विधानसभा में लोकतंत्र की हत्या करने वाली ममता और उनके गुलाम प्रशासन की ओर से लोकतंत्र की हत्या कर दी गई।

### अग्निमित्रा पॉल के पहुंचने पर बढ़ी बात

गुरुवार को सत्र के दूसरे हिस्से में मुख्यमंत्री ममता बंगाली भाषा और बंगालियों के अपमान के विरोध में भाषण दे रही थीं। उससे पहले भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल को बोलना था, लेकिन जब उनका नाम पुकारा गया, वह मौजूद नहीं थीं। ऐसे में स्पीकर ने मुख्यमंत्री को बोलने का अवसर दिया। इसी बीच अग्निमित्रा आ गईं। भाजपा विधायकों ने शोर-शराबा शुरू कर दिया कि उन्हें बोलने का मौका दिया जाए। मुख्यमंत्री ने भी स्पीकर से आग्रह किया कि अग्निमित्रा को बोलने दिया जाए। स्पीकर ने अनुमति तो दी, लेकिन उनका बोलने का समय घटा दिया। निश्चित समय पूरा होते ही उनका माइक बंद कर दिया गया और मुख्यमंत्री भाषण देने खड़ी हुईं।

---

### मणिपुर में आएगी शांति

## केंद्र से बातचीत के बाद कुकी-जो एनएच-2 खोलने के लिए तैयार



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मणिपुर में रोजमर्रा की जिंदगी की रीढ़ कहे जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (एनएच-2) को फिर से खोलने का ऐलान हो चुका है। कुकी-जो काउंसिल ने केंद्र सरकार के साथ लंबी बातचीत के बाद यह फैसला लिया है कि अब इस राजमार्ग पर लोगों और जरूरी सामान की आवाजाही बिना किसी रुकावट के होगी। यह कदम मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

**बातचीत के बाद निकला रास्ता**


कुकी-जो काउंसिल और गृह मंत्रालय के अधिकारियों के बीच नई दिल्ली में कई दौर की बातचीत हुई। इन बैठकों का मकसद था मणिपुर में तनाव को कम करना और जरूरी सामान की आपूर्ति को फिर से शुरू करना। गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि कुकी-जो काउंसिल ने भारत सरकार की ओर से तैनात सुरक्षा बलों के साथ मिलकर एनएच-2 पर शांति बनाए रखने का वादा किया है। एनएच-2 मणिपुर को नगालैंड और पूर्वोत्तर के अन्य हिस्सों से जोड़ता है। मई 2023 से शुरू हुए मेइती-कुकी तनाव के कारण इस राजमार्ग पर आवाजाही ठप थी।

### एक साल के त्रिपक्षीय समझौता लागू

*इसी के साथ, गृह मंत्रालय, मणिपुर सरकार और कूकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन व यूनाइटेड पीपल्स फ्रंट (यूपीएफ) के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता भी हुआ। इस समझौते को 'सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस (एसओओ)' कहा गया, जिसमें नए नियम और शर्तें तय की गई हैं। यह समझौता एक साल के लिए लागू होगा।*

### चुनाव आयोग का शिकंजा : दो मतदाता पहचान पत्र रखने पर पवन खेड़ा की पत्नी को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली (ब्यूरो.)।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के बाद उनकी पत्नी, लेखिका व कांग्रेस नेता कोटा नीलिमा पर चुनाव आयोग ने शिकंजा कस दिया है। दो मतदाता पहचान पत्र रखने के आरोप में पहले पवन खेड़ा और कोटा नीलिमा मुश्किल में पड़ गए हैं। चुनाव आयोग ने कोटा नीलिमा को दोहरे मतदाता पहचान पत्र रखने के मामले में नोटिस जारी किया है। आरोप है कि उनके पास एक मतदाता पहचान पत्र दिल्ली का है और दूसरा हैदराबाद का। दोनों पहचान पत्र के डिटेल्स के साथ कोटा नीलिमा से पूछा गया है कि क्यों न उन पर ऐसे विषयों पर तय प्रावधानों के हिसाब कार्रवाई की जानी चाहिए ? चुनाव आयोग की तरफ से मिले प्रारंभिक इनपुट्स के मुताबिक, कोटा नीलिमा ने हैदराबाद में रहते हुए भी दिल्ली में मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया था। अब शिकायतों की जांच के बाद आयोग ने उन्हें नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। कोटा नीलिमा पहले भी सक्रिय राजनीति में रह चुकी हैं। वे कांग्रेस की ओर से तेलंगाना की कांग्रेस राजनीति करते हुए विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। साहित्य और सामाजिक कार्यों से भी उनका गहरा जुड़ाव है। पवन खेड़ा कांग्रेस पार्टी के संचार विभाग के अध्यक्ष हैं। प्रमुख राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं और पार्टी की प्रेस ब्रीफिंग्स में लगातार भाजपा सरकार पर तीखे हमले करते रहे हैं।



---

### यूक्रेन में युद्ध खत्म कराने पर हुई चर्चा

## पीएम मोदी ने की यूरोप के दो शीर्ष नेताओं से टेलीफोन पर बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

रूस से तेल खरीद पर अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से उत्पन्न चुनौती के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ टेलीफोन पर संयुक्त रूप से बातचीत की। जिसके केंद्र में आपसी सहयोग के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। पीएम मोदी ने बातचीत के दौरान यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान और शांति-स्थिरता की जल्द बहाली के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नेताओं की इस वार्ता में व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, स्थिरता, रक्षा-सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला का लचीलापन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति का भी स्वागत किया गया। मंत्रालय ने कहा बातचीत में नेताओं के बीच यूक्रेन में संघर्ष को जल्द खत्म करने के प्रयासों पर भी विचार-विमर्श किया गया। पीएम ने भी शांति स्थापना को लेकर भारत का पक्ष दोहराया। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को शीघ्र संपन्न करने और आईएमइइसी गलियारे के कार्यान्वयन के लिए नेताओं ने साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

**शिखर सम्मेलन के लिए किया भारत आमंत्रित**

प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों नेताओं को अगले भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के लिए भारत आमंत्रित किया। दुनिया की बड़ी लोकतांत्रिक ताकतों के रूप में भारत-यूरोपीय संघ के बीच विश्वास, साझा मूल्यों और भविष्य के लिए एक समान दृष्टिकोण पर आधारित मजबूत व घनिष्ठ संबंध हैं। वैश्विक मामलों के संयुक्त समाधान, स्थिरता को बढ़ावा देने व पारस्परिक समृद्धि के लिए नियम-आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देने में भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी की भूमिका पर भी सभी ने जोर दिया। एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने पर भी नेताओं ने सहमति जताई है।

### बिहार : अक्टूबर के पहले सप्ताह में विधानसभा चुनाव का ऐलान संभव

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा इलेक्शन कमीशन अक्टूबर में कर सकता है। अक्टूबर के पहले या दूसरे हफ्ते के शुरुआती दिनों में बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, दो या तीन चरणों में बिहार में वोटिंग संभव है। नवंबर महीने में बिहार में मतदान होगा। जानकारी के मुताबिक, दुर्गा पूजा और दशहरा के बाद बिहार में चुनाव की घोषणा की जाएगी। आयोग छठ पूजा के बाद बिहार में मतदान की तारीख की घोषणा करेगा। 5 से 15 नवंबर मतदान और 20 नंवबर को मतगणना की तारीख तय हो सकती है। चुनाव आयोग 22 नवंबर की डेडलाइन से पहले बिहार में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न करेगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, एसआईआर के बाद बिहार में मतदाता सूची के फाइनल प्रकाशन होगा। यह लिस्ट 30 सितंबर को जारी किया जाएगा। इसके बाद आयोग बिहार में चुनाव की घोषणा करेगा। बताया जा रहा है कि आयोग की टीम इसी महीने राज्य का दौरा कर चुनावी तैयारियों का जायजा लेगी। बिहार सरकार ने हड़ताल पर गए 7480 विशेष सर्वे संविदा कर्मियों को नौकरी से हटा दिया है। ये सभी राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कर्मी हैं।

### रूस-यूक्रेन युद्ध पर पुतिन ने जताई संघर्षविराम पर वार्ता की संभावना

# जेलेंस्की वार्ता को तैयार तो मॉस्को आ सकते हैं

एजेंसी ▸▸ मॉस्को

रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर जारी गतिरोध के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संकेत दिया है कि वह यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिलने को तैयार हैं। पुतिन ने कहा कि यदि बैठक अच्छी तरह तैयार की जाए और उससे सकारात्मक परिणाम निकलें, तो जेलेंस्की मॉस्को आ सकते हैं। इस बयान ने युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान की संभावनाओं को लेकर नई बहस छेड़ दी है। चीन दौरे से लौटने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि उन्होंने कभी भी जेलेंस्की से मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह बैठक तभी होनी चाहिए जब यह यूक्रेन के संविधान के दायरे में और सकारात्मक परिणाम देने वाली हो। पुतिन ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनसे इस बारे में सवाल किया था और उन्होंने इसे संभव बताया।

**» चर्चा यूक्रेन के संविधान के दायरे में ही संभव**

**» यूक्रेन को ईयू में शामिल करने पर आपत्ति नहीं**



### एकध्रुवीय दुनिया का हो अंत

*पुतिन ने कहा कि अब एकध्रुवीय दुनिया का अंत होना चाहिए और सभी देशों को बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए। पुतिन ने साफ कहा कि किसी एक देश को विश्व राजनीति और सुरक्षा पर हावी नहीं होना चाहिए।*

### यूक्रेन की नाटो सदस्यता से है आपत्ति

*पुतिन ने दोहराया कि हर देश को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का अधिकार है, लेकिन किसी भी देश की सुरक्षा दूसरे देश की कीमत पर नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की नाटो सदस्यता रूस के लिए सीधी सुरक्षा चुनौती है। हालांकि, पुतिन ने यह स्पष्ट किया कि यूक्रेन को यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने पर रूस की उतनी कड़ी आपत्ति नहीं है।*

### यूक्रेन का आरोप रूस शांति प्रक्रिया से बच रहा

पुतिन के बयान के तुरंत बाद यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कम से कम सात देशों ने रूस-यूक्रेन वार्ता की मेजबानी की पेशकश की है, जिनमें ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड, वेटिकन, तुर्किये और खाड़ी देशों के तीन राष्ट्र शामिल हैं। सिबिहा ने पुतिन के प्रस्ताव को जानबूझकर अस्वीकार्य बताया और कहा कि रूस वास्तविक शांति प्रक्रिया से बच रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25